नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण



4 विकसित भारत के लिए मोदी का टास्क फोर्स



5 रेखा गुप्ता पर हमले ने खड़े किये कई सवाल



8 शुभमन गिल ने लगाई ऊंची छलांग



9 यूपीआई लेनदेन में जबरदस्त उछाल: रिपोर्ट

## एक नजर में



### 30 लाख के 8 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**नारायणपुर.** छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में नक्सल उन्मूलन अभियान को बड़ी सफलता मिली जब कुल 30 लाख के इनामी आठ नक्सलियों ने बुधवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया. नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और सुरक्षा बलों के दबाव के चलते इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया. इनमें छह पुरुष और दो महिला शामिल हैं. आत्मसमर्पित माओवादी लंबे समय से संगठन में सक्रिय थे और विभिन्न जिम्मेदार पदों पर रहते हुए अनेक वारदातों में शामिल रहे.

### गुवाहाटी उच्च न्यायालय को मिले दो एडिशनल जज

**नयी दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय को दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने और एक कार्यकाल बढ़ाने की सिफारिश की है. मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम की मंगलवार को हुई बैठक में इससे संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. कॉलेजियम ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बुदी हाबुंग और न्यायमूर्ति एन उन्नी कृष्णन नायर को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है.

### फर्जी मुकदमे कराने पर परमानंद को उम्रकैद

**लखनऊ.** विशेष एससी/एसटी न्यायालय ने अधिवक्ता परमानंद गुप्ता को झूठे मुकदमे दर्ज कराने के मामले में आजीवन कारावास और 5 लाख 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है. अभियोजन के अनुसार, गुप्ता का संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था. इसी दौरान उसने अपनी पत्नी के ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली अनुसूचित जाति की महिला पूजा रावत का इस्तेमाल कर विरोधियों पर फर्जी एससी/एसटी एक्ट, रेप और छेड़छाड़ के कई मुकदमे दर्ज कराए. जांच में ये मामले झूठे पाए गए. पूजा रावत ने अदालत में क्षमादान याचिका दायर कर सच्चाई उजागर की कि गुप्ता और उसकी पत्नी के दबाव में उसने झूठे मुकदमे दर्ज कराए थे.

### ट्रक-पिकअप की भिडंत में 5 की मौत, 17 घायल

**बहादुरगढ़.** केएमपी एक्सप्रेसवे पर बहादुरगढ़ के निलौठी गांव के पास मंगलवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया. ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए हैं. मृतकों में महिलाएं और बच्चियां भी शामिल हैं. हादसा उस समय हुआ जब दोनों वाहन मानेसर की ओर जा रहे थे. सूचना मिलते ही केएमपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा. चार लोगों ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया, जबकि पांचवें की मौत बुधवार सुबह रोहतक पीजीआई में इलाज के दौरान हुई.

## गुस्ताखी माफ




# अब जेल से नहीं चलेगी सरकार

- गिरफ्तार पीएम,सीएम,मंत्री 30 दिन बाद होंगे पदमुक्त
- अगले सत्र के पहले दिन अपनी रिपोर्ट सदन में पेश करने कहा

**30** दिनों तक जेल जाने पर जायेगी कुर्सी | **130** वां संविधान संशोधन विधेयक संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया | **31** सदस्य लोकसभा-राज्यसभा के जेपीसी में होंगे शामिल



**नयी दिल्ली, 20 अगस्त. लोकसभा ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री की गंभीर अपराध में गिरफ्तारी और 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रखे जाने पर उन्हें पद से हटाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक तथा दो अन्य विधेयकों को विपक्ष के भारी विरोध और हंगामें के बीच संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया. सूत्रों के अनुसार शाह ने बीजेपी के प्रवक्ताओं के साथ बैठक कर इस बिल पर विस्तृत चर्चा की.**

गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी विरोध के बीच संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 संसद में पेश किया. विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को विपक्षी दलों की सरकारों को लक्ष्य कर बनाया गया विधेयक करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'जेल जाने पर कुर्सी गवाने' के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक का विरोध करने पर विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जेल से सरकारें चलाने और कुर्सी का मोह न छोड़ पाने वाले ही इसके खिलाफ है.

शाह ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विधेयक के माध्यम से स्वयं को कानून के दायरे में लाये हैं, दूसरी ओर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने ऐसा कानून बनाया था कि प्रधानमंत्री के विरुद्ध कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं हो सके.

विधेयक में प्रावधान है कि पांच वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले गंभीर अपराधों में अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या किसी अन्य मंत्री को 30 दिन की हिरासत में रखा जाता है तो इसके अगले दिन ही उसे पदमुक्त समझा जायेगा. हिरासत से रिहा होने पर उपराज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री या मंत्री को पुनर्नियुक्त किया जा सकता है, जिससे भविषमुखी नियुक्तियों का रास्ता खुला रहेगा. शाह ने विधेयक को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया जिसे ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया गया.

अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद की संयुक्त समिति को विधेयक भेजने का प्रस्ताव पारित हो गया है और अब इसके लिए समिति का गठन किया जाएगा जिसमें लोकसभा के 21 तथा राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे. समिति को संसद के अगले सत्र के पहले दिन अपनी रिपोर्ट सदन में पेश करने कहा गया है.

इससे पहले विधेयक पेश किए जाने का विरोध करते हुए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन मोहम्मद ओवैसी ने कहा कि यह विधेयक चुनी हुई सरकारों के अधिकारों का हनन है और नौकरशाही के हौसले बुलंद करने वाला है.

### ऑनलाइन गेमिंग पर सरकार ने लगाया प्रतिबंधित

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 पेश किया, जिसे निचले सदन ने पारित कर दिया. मंगलवार को कैबिनेट ने इसे मंजूरी दी थी. विधेयक के अनुसार, पैसे लेकर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स (रीयल मनी गेमिंग) पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा. सरकार का अनुमान है कि हर साल लगभग 45 करोड़ लोग ऐसे गेम्स में 20,000 करोड़ रुपये गंवाते हैं, जिससे युवाओं में लत, आर्थिक संकट और आत्महत्या जैसे मामले सामने आते हैं. बिल में प्रावधान है कि अवैध ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाएं उपलब्ध कराने वालों को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक जुर्माना हो सकता है. विज्ञापन करने वालों के लिए दो साल की कैद या 50 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है.

### भारतीय प्रबंधन संस्थान विधेयक राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित

राज्यसभा ने असम के गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान खोलने से संबंधित भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 बुधवार को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया. इसके साथ ही विधेयक पर संसद की मुहर लग गयी है लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है.



# जिम्मेदारी से कार्य करें कलेक्टर और अधिकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 20 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अफसर पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें. जो कलेक्टर और अन्य अधिकारी बेहतर कार्य करेंगे सरकार उन्हें सम्मानित करेगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह के तहत कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्पूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदेश के आकांक्षी जिलों के मौजूदा और तत्कालीन कलेक्टरों के साथ ही विकासखंडों के अधिकारियों को उनकी टीम सहित सम्मानित किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान समारोह के अंतर्गत जिला बड़वानी और विकासखंड पाटी के लिए तत्कालीन कलेक्टर राहुल फटिंग, जिला दमोह और विकासखंड तेंदूखेड़ा के लिए कलेक्टर सुधीर कोचर, जिला धार तथा विकासखंड तिरला के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, जिला खंडवा और विकासखंड छैगांव माखन के लिए कलेक्टर ऋषभ गुप्ता और तत्कालीन कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, जिला निवाड़ी और विकासखंड पृथ्वीपुर के लिए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और तत्कालीन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, जिला टीकमगढ़ और विकासखंड बलदेवगढ़ के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और ...

शेष पेज 12 पर

# छिंदवाड़ा में कांग्रेस का किसान बचाओ आंदोलन

- कलेक्टर के न आने पर कुत्ते को सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा,20 अगस्त. किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को जिले में 'किसान बचाओ आंदोलन' का बिगुल फूंक दिया. जेल बगीचे में आयोजित विशाल आमसभा में पूर्व सांसद नकुलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ, सुखदेव पांसे, लखन घनघोरिया, ओमकार मरकाम सहित आधा दर्जन विधायक शामिल हुए.**

सभा के बाद हजारों कार्यकर्ता रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां कलेक्टर की अनुपस्थिति में कांग्रेस नेताओं ने कुत्ते को ज्ञापन सौंपकर अनोखा विरोध जताया.

सभा के दौरान नेताओं ने प्रदेश सरकार को किसानों के मुद्दों पर घेरते हुए जमकर नारेबाजी की. प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आज किसान खेत में रो रहा है और प्रदेश का मुख्यमंत्री सो रहा है. सरकार कहती है कि पर्याप्त खाद है, लेकिन किसान रातभर लाइन में क्यों लग रहे हैं? उन्होंने छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे भूमाफियाओं से घिरे हुए हैं और सांसद निधि में भ्रष्टाचार स्पष्ट है.

> पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ती आई है. उन्होंने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि प्रदेश में सबसे ज्यादा आदिवासियों की जमीन कन्वर्ट छिंदवाड़ा में की गई है. साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वोट चोरी को उजागर करने वाले से ही हलफनामा मांगा जा रहा है. कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस-प्रशासन के बीच कई बार तीखी बहस हुई. कलेक्टर की गैरमौजूदगी से नाराज़ नेताओं ने लगभग 40 मिनट तक प्रदर्शन किया.

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमला

## राजकोट का निकला हिस्ट्रीशीटर

**नयी दिल्ली 20 अगस्त. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह हुए हमले ने राजनीति से लेकर सुरक्षा एजेंसियों तक हलचल मचा दी है. घटना उस वक्त हुई जब सीएम अपने सिविल लाइंस स्थित कैंप ऑफिस में जन सुनवाई कर रही थीं. भीड़ में मौजूद 41 वर्षीय राजेश खिमजी (निवासी राजकोट, गुजरात) अचानक सीएम के करीब पहुंचा और उनका हाथ पकड़ने व धक्का देने की कोशिश की. मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत आरोपी को दबोच लिया.**

साथ ही अपने ऊपर हुए हमले पर पहली प्रतिक्रिया दी है. सीएम रेखा गुप्ता ने कहा है कि हमले के बाद वह सदमे में थी. उन्होंने कहा है कि इस तरह से हमले उन्हें काम करने से रोक नहीं सकते हैं.



बता दें कि आरोपी पर पहले से 5 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें शराब तस्करी और मारपीट शामिल है. संभावित नेटवर्क की दिल्ली पुलिस जांच कर रही है.

> **केजरीवाल का खास है गोपाल इटालिया**
>
> बीजेपी नेता हरिश खुराना ने पोस्ट में दावा किया कि जिसका शक था वही हुआ. अरविंद केजरीवाल के खास गोपाल इटालिया के साथ फोटो बहुत कुछ कह रहा है. यानी आज हुए रेखा गुप्ता जी के ऊपर हुए हमले का कनेक्शन आम आदमी पार्टी से जुड़ता है ऐसा साफ नजर आ रहा है. केजरीवाल जी प्लीज एक्सप्लेन यह रिश्ता क्या कहलाता है

# गलत चुनावी आंकड़े देने पर सीएसडीएस पर एफआईआर

**नयी दिल्ली 20 अगस्त. शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि भारतीय सामाजिक अनुसंधान विकास परिषद (आईसीएसएसआर) ने महाराष्ट्र चुनाव के बारे में सोशल मीडिया पर गलत आंकड़े साझा करने पर गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) को नोटिस जारी किया है.**

देर शाम को महाराष्ट्र में संजय कुमार पर नासिक में जिला चुनाव कार्यालय की तरफ से उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बीच भारतीय प्रबंधन संस्थान विधेयक पर अपनी बात रखते हुए कहा कि विपक्षी सदस्य इसी तरह के आंकड़ों को आधार बनाकर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सीएसडीएस ने निहित स्वार्थों के लिए भ्रम फैलाने के लिए ये आंकड़े साझा किये और इनके गलत पाये जाने पर माफी मांगी है. प्रधान ने कहा कि इस गैर सरकारी संगठन को शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले आईसीएसएसआर से अनुदान मिलता है.

# सीपी राधाकृष्णन ने भरा नामांकन

## पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के हस्ताक्षर हैं

**नयी दिल्ली, 20 अगस्त. उप राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इस मौके पर पहले सेट में प्रधानमंत्री उप राष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावक बने.**



इस अवसर पर उनके साथ मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजग सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता तथा जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह और संजय झा, लोजपा (रामविलास) से चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के अलावा और भी कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे. राधाकृष्णन का नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है. जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं. उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर को होगा.

# एनसीईआरटी मॉड्यूल में शामिल 'ऑपरेशन सिंदूर'

- छात्रों को सिखाएगा साहस और रणनीतिक सोच

**नयी दिल्ली, 20 अगस्त. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित क्लासरूम मॉड्यूल तैयार किया है, जिसे कक्षा 3 से 12वीं तक के बच्चों को पढ़ाया जाएगा. इसका उद्देश्य बच्चों को यह समझाना है कि भारत आतंकवाद से कैसे मुकाबला करता है और राष्ट्रीय सुरक्षा में सेना, सरकार तथा आम नागरिकों की क्या भूमिका होती है.**

एनसीईआरटी ने स्पष्ट किया है कि यह ऑपरेशन महज बदले की कार्रवाई नहीं, बल्कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को रोकने के लिए दिया गया एक रणनीतिक संदेश था.

मॉड्यूल को दो स्तरों पर विभाजित किया गया है. कक्षा 3 से 8 के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर-वीरता की गाथा' तैयार किया गया है, जिसमें साहस, सहानुभूति और मानवीय पक्ष पर जोर दिया गया है. वहीं, कक्षा 9 से 12 के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर- सम्मान और वीरता का मिशन' तैयार किया गया है, जो रणनीतिक उद्देश्यों, तकनीकी प्रगति और भारत की सैन्य शक्ति पर केंद्रित है.

मॉड्यूल में अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भी उल्लेख है, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे. इसके जवाब में भारत ने 7 मई 2025 को रात 01.05 बजे ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया. इस मिशन में भारतीय सेना ने 7 आतंकी कैंप ध्वस्त किए और वायुसेना ने मुरीदके व बहावलपुर स्थित बड़े ठिकानों पर सटीक हमले किए. सेना, नौसेना और वायुसेना के बीच जबरदस्त तालमेल देखने को मिला.

### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि 5' का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली, 20 अगस्त.** सशस्त्र बलों की मारक क्षमता बढाने के लिए मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि 5' का बुधवार को सफल परीक्षण किया गया. रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से सफलतापूर्वक किया गया. मंत्रालय ने कहा कि परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मानकों की पुष्टि हुई. यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया.

**समझौता** ▶ मोदी-जिनपिंग की होगी 31अगस्त को मुलाकात

# भारत और चीन के रिश्तों में आई नई गर्माहट

**नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 31 अगस्त को होने वाली चीन यात्रा से पहले भारत और चीन ने सीधी हवाई सेवाएं बहाल कर दी हैं. विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों देशों ने एयर सर्विसेज एग्रीमेंट को अपडेट करने और यात्रियों के लिए वीज़ा प्रक्रिया आसान बनाने पर सहमति बनाई है. अब एयर इंडिया और इंडिगो सहित भारतीय एयरलाइंस चीन के लिए उड़ानें शुरू करेंगी, जबकि चीनी एयरलाइंस भी भारत आएंगी.**

प्रधानमंत्री मोदी 31 को टियांजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे.



हाल ही में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों ने सीमा पर शांति बहाल करने और आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए कई अहम समझौतों पर सहमति जताई. सबसे बड़ा संकेत चीन द्वारा भारत के लिए रेयर अर्थ मेटल पर लगे प्रतिबंध को हटाना है, जिससे भारतीय उद्योग को सीधा फायदा मिलेगा.

### दोनों देशों के बीच हुई बातचीत में 10 बिंदुओं पर सहमति बनी

1. सीमा व्यापार फिर से शुरू होगा, तय तीन मार्गों से कारोबार बढ़ेगा.
2. भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें जल्द शुरू होंगी.
3. वीजा प्रक्रिया आसान होगी, जिससे व्यापार व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा.
4. भारतीयों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा आसान होगी, यात्री संख्या बढ़ेगी.
5. सीमा विवाद हल करने के लिए विशेष विशेषज्ञ समूह बनाया जाएगा.
6. अब ईस्टर्न और सेंट्रल बॉर्डर सेक्टर पर भी ध्यान दिया जाएगा.
7. चीन सीमा पर नदियों की जल संबंधी जानकारी साझा करेगा.
8. दोनों देश कूटनीतिक आयोजनों में सहयोग करेंगे; भारत 2026 में ब्रिक्स होस्ट करेगा.
9. चीन से आयातित इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों व मशीनों की आपूर्ति आसान व सस्ती होगी.
10. चीनी कंपनियां भारतीय कंपनियों में 24प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद सकेंगी, जिससे निवेश बढ़ेगा.